**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 19.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **सीबीआई ने नान घोटाले की जांच को प्रभावित करने के मामले में दो पूर्व आईएएस अधिकारियों और पूर्व महाधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।**
- **पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले एक महीने से जारी अपनी हड़ताल समाप्त की।**
- **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा—जेईई मेन दो हजार पच्चीस के दूसरे सत्र के परिणाम जारी किए।**
- **प्रदेश के एक—दो स्थानों पर कल अंधड़ के साथ हल्की बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना।**

## सीबीआई—छापा

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो—सीबीआई ने नागरिक आपूर्ति निगम—नान घोटाले की जांच को प्रभावित करने के मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला के साथ पूर्व महाधिवक्ता सतीश चन्द्र वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई ने दोनों पूर्व आईएएस अधिकारियों अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला के घरों पर छापे की कार्रवाई की, जिसमें कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद होने का दावा किया है। दोनों पूर्व आईएएस अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग कर आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज एफआईआर और नान मामले में ईडी द्वारा चल रही कार्रवाई को प्रभावित किया है। सीबीआई ने कहा है कि इसके अलावा दोनों पूर्व आईएएस अधिकारियों ने कथित तौर पर तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चन्द्र वर्मा को ईडी और एसीबी द्वारा जांच के तहत अग्रिम जमानत हासिल करने के लिए अनुचित लाभ प्रदान किए।

## पंचायत सचिव—हड़ताल समाप्त

पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले एक महीने से जारी अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैकरा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री और पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा से हुई बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार ने आश्वासन दिया है कि वर्तमान में पन्द्रह वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सचिवों के वेतन सत्यापन से जुड़ी विसंगतियों को दूर किया जाएगा और आंदोलन की अवधि में रूका हुआ वेतन भी शीघ्र स्वीकृत किया जाएगा।

## जेईई मेन्स—नतीजे

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा—जेईई मेन दो हजार पच्चीस के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल चौबीस विद्यार्थियों ने शत—प्रतिशत का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में राजस्थान के मोहम्मद अनस और आयुष सिंघल, दिल्ली के दक्ष और हर्ष झा, पश्चिम बंगाल के देवदत्त माझी और महाराष्ट्र के आयुष रवि चौधरी शामिल हैं। कट—ऑफ के साथ परिणाम जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। एनटीए ने दो से नौ अप्रैल के बीच यह परीक्षा आयोजित की थी। इस वर्ष जेईई मेन दो हजार पच्चीस दो सत्र में जनवरी और अप्रैल में आयोजित की गई थी।

## वक्फ—कार्यशाला

भाजपा की प्रदेश इकाई द्वारा आगामी पच्चीस अप्रैल को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में वक्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा ने बताया कि वक्फ बोर्ड सुधार कानून को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए पार्टी ने जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में इस कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

**माओवादी–डंप**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छुपाकर रखे गए एक बड़े डंप को बरामद किया है। इस डंप में भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामाग्रियां मिली हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि कोबरा बटालियन की टीम तलाशी अभियान के लिए निकली थी। इस दौरान सुरक्षा बलों की टीम ने मुर्कराजगुट्टा की पहाड़ियों में माओवादियों द्वारा छुपाकर रखे गए डंप का पता लगाया। डंप से छह नग सोलर प्लेट, छह जरकिन, दो माओवादी वर्दी, दो पंखे और अन्य संदिग्ध सामाग्रियां बरामद की गई हैं।

**अग्निवीर–भर्ती–आवेदन**

भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर की भर्ती के लिए अब ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पच्चीस अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, कर्लक, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए की जाएगी।

भारतीय सेना द्वारा यह भी अवगत कराया जाता है कि सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर ही किया जाता है। इसलिए आवेदक भर्ती के लिए किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के झांसे में ना आए।

**ट्रैफिक आदेश**

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। इसी के मद्देनजर बिलासपुर पुलिस ने आम लोगों को धूप और लू से बचाने के लिए दोपहर बारह बजे से शाम पांच बजे तक ट्रैफिक सिग्नल को बंद रखने का आदेश दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक प्रभारी रामगोपाल करियारे ने बताया कि सिग्नल बंद रहने के दौरान भी पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए चौक–चौराहों पर तैनात रहेंगे। जवानों को छतरी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन मुस्तैदी से कर सकें।

**किसान–धरना प्रदर्शन**

जांजगीर–चांपा जिले में नवागढ़ क्षेत्र के किसानों ने नहर से पानी दिए जाने की मांग को लेकर आगामी बाईस अप्रैल को जिला मुख्यालय जांजगीर में धरना–प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। क्षेत्र के ग्राम हरदी हरि में कृषक चेतना मंच के बैनरतले तीस गांवों की किसानों की बैठक हुई। बैठक में किसानों ने पानी की कमी से फसलों को हो रहे नुकसान की जानकारी दी। कृषक चेतना मंच के जिला संयोजक राजशेखर सिंह ने बताया कि नहर से टेल एरिया में पानी नहीं पहुंच रहा है। यदि सरकार सही समय में पानी नहीं देगी, तो किसानों की फसलों को भारी नुकसान होगा।

**हेरोइन–जब्त**

दुर्ग पुलिस ने अवैध रूप से हेरोइन बिक्री करने के आरोप में कल पंजाब निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से करीब बारह लाख रूपए मूल्य के एक सौ पचास ग्राम हेरोइन, तिरपन हजार रूपए नगद और तीन मोबाइल जब्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

**सड़क दुर्घटना**

दुर्ग जिले के पावर हाउस में बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीन नाबालिग दोस्त एक मोटर सायकल में रील बनाने के लिए भिलाई से खुर्सीपार की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक वाहन से जा टकराई। उधर, सक्ती जिले के ग्राम कनेटी में मोटर साइकिल सवार एक युवक हाईवा से जा टकराया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, कोंडागांव जिले में कार की टक्कर से एक कांग्रेस नेता की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता खरीददारी के लिए शहर की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

## अदाणी फाउंडेशन–सामूहिक खेती

रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड की ग्रामीण महिलाएं अब सामूहिक खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम बढ़ा रही है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित आजीविका संवर्धन की पहल ने इन महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाया है। महिलाओं ने पिछले साल अक्टूबर से साहो किस्म के टमाटर की खेती शुरू की। अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को मल्चिंग, खाद, उर्वरक, कीटनाशक और उन्नत बीज जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसके फलस्वरूप पिछले साल दिसंबर से इस साल मार्च तक चौहत्तर हजार किलोग्राम से अधिक टमाटर का उत्पादन हुआ, जिससे करीब साढ़े तीन लाख रूपए की आय अर्जित की गई। वहीं, ग्राम सुपा में पहली फसल चक्र में ढाई हजार किलोग्राम करेला का भी उत्पादन किया गया, जिससे पचपन हजार रूपए से अधिक की आय हुई। इसके अलावा ग्राम बरपाली, जेवरीडीह, कपरदा और ठेंगागुढ़ी की तेईस स्वयं–सहायता समूहों की उनसठ महिला सदस्यों ने ड्रिप सिंचाई पद्धति से टमाटर, खीरे और करेले की खेती शुरू की है।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की से मध्य बारिश होने, अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ बना है, जिससे प्रदेश में नमी आ रही है, जिसके कारण बदली–बारिश की स्थिति बन रही है।

## नगर निगम–निर्माण कार्य

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारी प्रतिनिधि वार्डों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों और योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इससे साफ–सफाई के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण, जल प्रबंधन और अमृत मिशन के तहत पाईप लाइन बिछाने तथा जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों में तेजी आई है। वार्डों में साफ–सफाई, कचरा प्रबंधन और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लगातार सुधार भी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने विभागीय समीक्षा बैठकों में आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रतिदिन वार्डों का भ्रमण कर कार्यों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>